# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 16.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 16.07.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई मे कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमे 03 भूमि विवाद, 03 मारपीट तथा शेष 15 अन्य विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र थें। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

## दिनांकः-19.07.2025 समयः- प्रातः 08.00 बजे से लेकर 23.07.2025 को रात्रि 20.00 बजे तक रुट डायवर्जन जनपद सिद्धार्थनगर।

श्रावण मास (मेला) जनपद बस्ती के दृष्टिगत जनपद सिद्धार्थनगर से जनपद बस्ती की तरफ जाने वाले भारी वाहनों के सम्बन्ध में दिनांकः- 19.07.2025 समय प्रातः 08.00 बजे से लेकर 23.07.2025 समय रात्रि 20.00 तक निम्नानुसार रुट डायवर्जन किया गया है।

**01-गोरखपुर से लखनऊ जाने वाले वाहनों के मार्ग-**

गोरखपुर से लखनऊ जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से नन्दौर थाना बखिरा, जनपद संतकबीरनगर से थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर से माधव तिराहा थाना क्षेत्र बासी से बासी पुलिस बूथ से बाएं मुड़कर थाना क्षेत्र पथरा बाजार होते हुए बैदौला चैराहा होते हुए बेवा थाना डुमरियागज होते हुये थाना उतरौला जनपद बलरामपुर मार्ग से जायेंगे।

**02-बस्ती से लखनऊ जाने वाले वाहनों के मार्ग-**

बस्ती से लखनऊ जाने वाले वाहनों को बड़ेवन ओवरब्रिज जनपद बस्ती के उपर से डायवर्ट कर ओबरब्रिज के नीचे से मनौरी से थाना क्षेत्र सोनहा जनपद बस्ती से होते हुए बेवा थानाक्षेत्र डुमरियागंज से भडरिया थानाक्षेत्र भवानीगंज होते हुये थाना क्षेत्र उतरौला जनपद बलरामपुर मार्ग से जायेंगे।

**03-लखनऊ से गोरखपुर जाने वाले वाहनों के मार्ग-**

लखनऊ से गोरखपुर को जाने वाले वाहनों को बाराबंकी से ही रोककर थाना जरवल रोड जनपद बहराईच के सामने से होते हुए थानाक्षेत्र कर्नलगंज जनपद गोण्डा होते हुए थानाक्षेत्र उत्तरौला से भड़रिया थानाक्षेत्र भवानीगंज से वेवा थानाक्षेत्र डुमरियागंज होते हुए थानाक्षेत्र पथरा बाजार होते हुए बांसी पुलिस बूथ थानाक्षेत्र बांसी से होकर माधव तिराहा थानाक्षेत्र बासी से थानाक्षेत्र खेसरहा की तरफ मुड़कर थाना क्षेत्र बखिरा जनपद संतकबीरनगर होते हुए अपने गन्तव्य पर जायेंगे।

**04-जनपद महराजगंज, थाना उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, मोहाना की तरफ से आने वाले वाहन, जिनको अयोध्या जाना है, के मार्ग-**

जनपद महराजगंज, थाना उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, मोहाना की तरफ से जनपद अयोध्या जाने वाले वाहन को पुलिस बूथ बासी थानाक्षेत्र बासी से दाए मुड़कर थाना क्षेत्र पथरा बाजार होते हुए बैदौला चैराहा होते हुए बेवा थाना डुमरियागंज होते हुये थाना उतरौला जनपद बलरामपुर मार्ग से जायेंगे।

**05-बढ़नी, शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर से अयोध्या, लखनऊ को जाने वाले वाहनों के मार्ग-**

बढनी, शोहरतगढ़ से जाने वाले ऐसे वाहन, जिनको अयोध्या, लखनऊ की तरफ जाना है, वे वाहन थाना ढेबरूआ होते हुए थानाक्षेत्र इटवा होते हुए बेवा थानाक्षेत्र डुमरियागंज से थानाक्षेत्र उतरौला जनपद बलरामपुर होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे।

**06-जनपद मुख्यालय सिद्धार्थनगर से बस्ती, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज को जाने वाले वाहनों के मार्गः-**

सिद्धार्थनगर से बस्ती, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज को जाने वाले वाहन माधव तिराहा, थानाक्षेत्र बासी से थानाक्षेत्र खेसरहा की तरफ मुड़कर थानाक्षेत्र बखिरा, जनपद संतकबीर नगर होते हुये अपने गन्तब्य को जायेंगे।

**नोटः- उक्त डायवर्जन आकस्मिक सेवा वाहन / स्कूली वाहनों पर प्रभावी नही होगा।**

**प्रेस नोट दिनांक 16.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त /चेकिंग की गयी।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 16.07.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा श्रावण मास/ कॉवड़ यात्रा व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त/संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की चेकिंग की गयी। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।**